## न्यूज ब्रीफ

### ईएमई सेंटर में आर्मी के नायक ने की खुदकुशी

भोपाल। बैरागढ़ इलाके में स्थित 3 ईएमई सेंटर में शुक्रवार को आर्मी के नायक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौके से मिले सुसाइड नोट में जिंदगी से परेशान होने का जिक्र है। टीआई कमलजीत रंधावा ने बताया कि गोपाल कृष्ण मूर्ति ओरछा के रहने वाले थे। यहां 3 ईएमई सेंटर में नायक थे। शुक्रवार दोपहर को गोपाल ने फांसी लगा ली। मौके से मिले सुसाइड नोट की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### निगम ने 477 प्रकरणों में वसूले 72 हजार रु.

भोपाल। निगम के स्वास्थ्य अमले ने शुक्रवार को सीएंडडी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर फैलाने वालों तथा निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट न लगाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। अमले ने 477 प्रकरणों में 72 हजार 700 रुपए स्पॉट फाइन वसूला। सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फैलाने वालों के पर कार्रवाई करते हुए चार प्रकरणों में 5 हजार 300 रुपए, स्पॉट फाइन के तौर पर वसूले।

### शिविर में 106 प्रकरणों का किया निराकरण

भोपाल । मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत नगर निगम द्वारा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित नागरिकों तक पहुंचाने के लिए निगम द्वारा वार्ड 62 में शिविर आयोजित किया गया। जिनमें विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित 112 आवेदन प्राप्त हुए. जिनमें से 106 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जोन अध्यक्ष राजेश चौकसे ने विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए।

### 21 आवारा पशुओं को पहुंचाया कांजी हाउस

भोपाल। नगर निगम के गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 21 आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा। जबकि 6 बीमार पशुओं को आसरा भेजा गया। यह कार्रवाई रातीबड़, नीलबड़, लिंक रोड नं. 02, बागसेवनिया, बैरागढ़ सीटीओ, करोद क्षेत्रों में की।

### 62 आवारा कुत्तों को पहुंचाया नसबंदी केंद्र

भोपाल। नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरेबीज टीकाकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निगम की डॉग स्क्वॉड ने 62 आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा। जबकि नसबंदी के बाद 63 कुत्तों को वापस उसी जगह छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। शुक्रवार को बैरागढ़, अब्बास नगर, एयरपोर्ट सिटी, ईदगाह हिल्स, काजी कैंप क्षेत्र में मुहिम चलाई।

---

## हमीदिया अस्पताल में वार्ड बॉय की छुट्टी होने से परेशान होंगे मरीज

# वार्ड बॉय सहित 400 कर्मचारियों को हटाने की तैयारी, थमाए जा रहे नोटिस

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9827363130

हमीदिया अस्पताल में आउटसोर्स के 400 कर्मचारियों को निकालने की शुरुआत हो गई। मंगलवार को इनको एक महीने के नोटिस देने शुरू कर दिए गए। हालांकि अब इन कर्मचारियों पर भी राजनीति शुरू हो गई। डॉक्टर और अधिकारी अपने पसंदीदा कर्मचारियों को बचाने में जुट गए हैं। दरअसल, इन कर्मचारियों में वॉर्ड बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, सफाईकर्मी सहित अन्य कर्मचारी भी हैं। इनमें से कई डॉक्टरों और अधिकारियों के पास अटैच हैं। जिस अधिकारी के पास जो कर्मचारी है उसे बचाने की कोशिश की जा रही है।

मालूम हो कि बीते दिनों कई महीने से वेतन न मिलने से नाराज 400 से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी थी। इसके बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इनको हटाने का निर्णय कर लिया। अधिकारियों का कहना है कि स्वीकृत पदों से 400 कर्मचारी अधिक हैं।

### अभी भी स्थिति खराब, व्हील चेयर, स्ट्रेचर धकेलते हैं परिजन






भोपाल। हमीदिया अस्पताल की यह तस्वीरें बता रही हैं कि अभी वार्ड बॉय कम पड़ते हैं, वार्ड बॉय हटाए जाने पर स्थिति बदलेगी।

#### कर्मचारियों की स्थिति

- **1,100** से अधिक को मैनेजमेंट देता है सैलरी
- **1,800** से अधिक हैं प्राइवेट कर्मचारी
- **700** कर्मचारियों को एजाइल कंपनी देती है सैलरी

नोट : इनमें सफाईकर्मी, डेटाएंट्री ऑपरेटर्स, वार्ड बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल।

#### बार-बार बदले निकालने वाले कर्मचारियों के नाम

इन 400 कर्मचारियों में वार्ड बॉय, कंप्यूटर ऑपरेटर, हाउस कीपिंग सहित अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मचारी हैं। शुरू में विभागों के बराबर अनुपात में कर्मचारियों की सूची तैयार की गई थी। बाद में इसमें कर्मचारियों के नाम बदले गए। दूसरी सूची में भी आपत्ति होने पर वार्ड बॉय के नाम शामिल किए गए हैं।

#### वार्ड बॉय की छुट्टी से मरीजों को होगी दिक्कत

अस्पताल से वार्ड बॉय की छुट्टी होने से अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमरा जाएंगी। वार्ड बॉय मरीजों को स्ट्रेचर, व्हील चेयर पर एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का काम करते हैं। साथ ही मरीजों की जांच, ब्लड सैंपल देने और वार्ड के काम भी करते हैं। यहां 1800 कर्मचारी कम पड़ते हैं और मरीज खुद स्ट्रेचर धकेलते हैं।

#### पत्र के जवाब में कंपनी से सिर्फ आश्वासन मिला

गांधी मेडिकल कॉलेज ने एजाइल कंपनी को दो महीने पहले करीब ढाई करोड़ रुपए का भुगतान किया था। इसके बाद करीब 12 करोड़ रुपए जीएमसी पर बकाया था। इस वजह से कंपनी ने कर्मचारियों की सेलरी रोक दी थी। इससे पहले कर्मचारियों की हड़ताल के बाद कंपनी को 1 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। हालांकि, तब दिवाली बोनस नहीं दिया गया था। इससे पहले इन कर्मचारियों ने तीन से चार बार कंपनी को पत्र लिखकर शिकायत की थी। पत्र के जवाब में कंपनी ने सिर्फ आश्वासन दिया था।

#### बजट की कमी है

"शासन से स्वीकृत पदों के अनुसार 400 कर्मचारी अधिक हैं। इन कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। इसमें कौन-से कर्मचारी शामिल होंगे, अभी तय किया जा रहा है। जीएमसी में बाद बजट की कमी है, इसलिए सैलरी नहीं देने में परेशानी हो रही है।

**डॉ. कविता एन सिंह**, डीन, जीएमसी

---


# दो महीने से सेलरी न मिलने से नाराज गार्ड टॉवर पर चढ़ा

## पुलिस की समझाइश के बाद नीचे उतरा

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

श्यामला हिल्स इलाके में स्थित शुक्रवार दोपहर पॉलीटेक्निक चौराहे पर एक युवक रोटरी पर लगे मोबाइल के टॉवर पर चढ़ गया। युवक को टॉवर पर चढ़ा देख मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस की समझाइश के बाद गार्ड नीचे उतरा।

पुलिस के मुताबिक विनोद कुमार तेजी पिता नर्मदा प्रसाद तेजी निवासी भदभदा घाट बस्ती प्राइवेट गार्ड की नौकरी करता था। बताया गया है कि मालिक ने पिछले दो महीने से उसे सेलरी के 16 हजार रुपए नहीं दिए हैं। इसके चलते वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। इस बात से नाराज होकर वह टॉवर पर करीब 80 फीट की ऊंचाई तक चढ़ गया। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। थाना प्रभारी घुमेंद्र सिंह ने माइक के माध्यम से उससे बात की। तब उसने मालिक की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी के इरादे से टॉवर पर चढ़ने की बात कही। पुलिस ने उसे आश्वासन दिया कि मालिक से बात करने के बाद यदि सैलरी रोकने की बात सही पाई जाती है



भोपाल। मोबाइल टॉवर पर चढ़े गार्ड को उतारने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।

तो उसे दिलाई जाएगी। इसके बाद युवक टॉवर से उतरने के लिए तैयार हो गया। समझाइश देने के बाद करीब 15 मिनट में युवक उतरने के लिए राजी हो गया। तब नगर निगम की लिफ्ट में बैठाकर उसे उतारा गया।

---

# सेंट माइकल स्कूल के टीचर ने छात्र के पैरों पर मारी जूते से किक, गंभीर घायल

## छात्र के मामा ने जिला शिक्षा अधिकारी से की शिकायत, जांच समिति गठित

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9893231237

राजधानी के सेंट माइकल स्कूल में टीचर ने छात्र की लात-घूंसों से पिटाई कर दी, जिससे छात्र के पैर जख्मी हो गए। मामले में शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार से शिकायत की गई है। छात्र के मामा ने इसका वीडियो भी विभाग को दिया है। जांच के लिए समिति गठित की गई है।

जिला शिक्षा विभाग को मिली शिकायत के मुताबिक मामला गुरुवार का है। इसमें बताया कि तलैया स्थित सेंट माइकल स्कूल के टीचर अबान ने छात्र की जूतों



छात्र के पैर बुरी तरह जख्मी हो गए।

और लातों से पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र के मामला मोहम्मद अयूब छात्र ने बताया कि उनके भांजे और एक दूसरे छात्र के बीच विवाद हो गया था।

**पैरों में मारी किकः** विवाद की खबर शिक्षक को लगी तो उसने छात्र के पैरों पर फुटबॉल किक की तरह लातें मारीं। जिससे पैरों की खाल तक निकल गई। पिटाई के बाद छात्र घर पहुंचा तो उसने घटना के बारे में बताया। छात्र के मामा ने बताया पिटाई से उनका भांजा डर गया है। उससे मानसिक आघात पहुंचा है। शुक्रवार को परिजन ने डीईओ को शिकायत की। जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र अहिरवार ने बताया कि मामला गंभीर है। जांच के लिए समिति बनाई गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट ली जाएगी।

---

## मोबाइल झपटमारी करने वाले नाबालिग साहित 3 गिरफ्तार

भोपाल। कटारा हिल्स थाना पुलिस ने मोबाइल झपटमारी करने वाले नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाइक सहित मोबाइल जब्त कर लिया है।

थाना प्रभारी बृजेंद्र निगम ने बताया कि गुरुवार को फरियादी राधेश्याम परमाल (24) निवासी ग्राम रापडिया वेयर हाउस में ऑपरेटर है। रात 8 घर जाते समय रापडिया जोड़ पर बाइक सवार तीन युवक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की बाइक का नंबर मिला। इसके बाद एक किशोर को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त किया। किशोर के बयान के बाद उसके दो साथी कटारा हिल्स निवासी अकबर और अफसर को भी गिरफ्तार कर लिया।

---

# इमारती, फलदार पेड़ थे 1600, फिर भी खाली भूमि की रजिस्ट्री करवा ली

## 18 लाख की स्टांप ड्यूटी चोरी, ईओडब्ल्यू ने दंपति पर दर्ज की एफआईआर

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9425493055

जिस जमीन पर सागौन जैसी इमारती लकड़ी के 300 सहित सैकड़ों फलदार पौधे थे, उसको खाली दर्शाते हुए 18 लाख की स्टांप ड्यूटी की चोरी करके भोपाल के पति-पत्नी ने रजिस्ट्री करवा ली। इस खुलासे के बाद आर्थिक अपराध ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने कपल पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्ज एफआईआर के अनुसार आरोपी उदयप्रकाश मिन्हास और उसकी पत्नी मनमीत कौर निवासी अरेरा कॉलोनी ने जुलाई 2020 में ग्राम मेहंदीखेड़ा, तहसील पिपरिया, जिला नर्मदापुरम में 10.793 हेक्टेयर भूमि खरीदने का सौदा किया। इसके लिए रजिस्ट्रार ऑफिस में पेश किए गए दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया गया और सरकारी राजस्व रिकॉर्ड में कूटरचना करके जमीन को खाली दिखाया गया। हालांकि इस जमीन पर 1600 से अधिक पेड़ लगे थे, जिनमें सागोन जैसी इमारती लकड़ी के 350, साज के 40 और अन्य फलदार पेड़ लगे थे। ऐसे में साजिश करके जमीन को खाली दर्शाकर करवाई रजिस्ट्री में 18 लाख रुपए के स्टांप कम लगाकर राजस्व की चोरी की गई। जांच में सच्चाई सामने आने के बाद मिन्हास दंपति पर एफआईआर दर्ज की गई।

#### जांच के बाद होगी वसूली

ईओडब्ल्यू इस रजिस्ट्री के लिए प्रस्तुत किए गए फर्जी दस्तावेज और राजस्व रिकॉर्ड को बनाने और दंपति को मुहैया करवाने वालों की भूमिका तय होगी। साथ ही रजिस्ट्री करवाने में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी जांच करके उन्हें सहअभियुक्त बनाया जाएगा। चोरी स्टांप ड्यूटी की मय पेनल्टी वसूली भी होगी।

"रजिस्ट्री में क्रेता और विक्रेता का सेल्फ डिक्लेरेशन होता है, दोनों पक्षों की जांच के साथ रजिस्ट्री में शामिल रहने वाले अन्य लोगों की भूमिका की जांच होगी। इसके आधार पर सहअभियुक्त बनाए जा सकते हैं।

**-उपेंद्र जैन**, डीजी, ईओडब्ल्यू

---

# हाउसिंग बोर्ड के सब इंजीनियर ने दहेज में मांगी कार, 50 लाख रुपए

## पुलिस ने मां-बाप पर भी दर्ज किया केस

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

मिसरोद पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड के सब इंजीनियर, उनके मां- पिता के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पत्नी का आरोप है कि इंजीनियर पति ने उसे दहेज में 50 लाख और कार की मांग को लेकर 6 माह के बच्चे के साथ घर से निकाल दिया।

पुलिस के अनुसार, आयुषी चौधरी का मायका मिसरोद की श्रीराम कॉलोनी में है। साल 2021 में आयुषी की शादी की शादी बाग मुगालिया में हाउसिंग बोर्ड में सब इंजीनियर रूपक जैन से हुई थी। मायके वालों ने दहेज में सभी जरूरी सामान दिया था। बावजूद रूपक जैन ने शादी के बाद से ही दहेज में कार और 50 लाख देने की मांग शुरू कर दी। डिमांड पूरी नहीं होने पर आयुषी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आयुषी का कहना है कि जब यह बात सास ममता और ससुर विजय जैन को बताई तो वह भी उसे ही बुरा भला कहने लगे। डेढ़ साल आयुषी को 6 माह के मासूम के साथ घर से निकाल दिया। बार-बार घर में रखने की मिन्नतें कीं, लेकिन जब उन्होंने दोबारा रखने से मना कर दिया तो आयुषी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

---

## आज शाम आधे शहर में नहीं हो सकेगी पानी की सप्लाई

भोपाल। शहर के जिन इलाकों में कोलार लाइन से सप्लाई होती है।



वहां शनिवार शाम को नलों में पानी नहीं आएगा। इससे शहर की 10 लाख आबादी प्रभावित होगी। कोलार परियोजना के अंतर्गत फीडर मेन की 900 एमएम व्यास की पाइप लाइन में फ्रेक्चर अस्पताल के पास और 700 एमएम व्यास की लाइन में काजी कैंप क्षेत्र में लीकेज का सुधार किया जाना है। इसके चलते जेपी नगर, काजीकैंप, टीला जमालपुरा, इब्राहिमगंज, आरिफ नगर, शांति नगर, ग्रीन पार्क, चौकसे नगर, अरेरा कॉलोनी आदि क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं होगी।

---

# कोलार तिराहे पर कारोबारी से 15 लाख रुपए लूटने वाले 6 आरोपी पकड़े गए

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

चूनाभट्टी इलाके में कोलार तिराहे के पास कारोबारी से 15 लाख रुपए लूटने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी दीपक पाटिल आदतन बदमाश है।

दीपक को 15 दिन पहले ही रकम ले जाने की जानकारी लग गई थी। पुलिस ने लूटी की गई रकम में से 10 लाख बरामद कर लिए हैं। आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीसीपी जितेंद्र सिंह पवार ने बताया कि कारोबार साहिल से 15 लाख रुपए लूट के मामले में आरोपियों पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जांच के दौरान आदतन बदमाश दीपक पाटिल को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई। दीपक ने बताया कि उसके दोस्त ने 15 दिन पहले इसकी जानकारी दी थी। दीपक ने अपने साथियों के साथ लूट की योजना बनाई थी। आरोपियों ने अपनी मोटर साइकिलों से फरियादी का पीछा कर बाइक से टक्कर मारकर गिरा दिया था। उसके बाद कारोबारी से मारपीट कर बैग छीनकर भाग गए थे।

#### पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

- दीपक पटेल (26) निवासी भानपुर, जेके स्टोर के पास, पूर्व में अपराध दर्ज हैं।
- संतोष उर्फ ललन (20) निवासी मालीखेड़ी, विदिशा रोड।
- रिषभ ठाकुर (22) निवासी ग्राम रेहटी, जिला सीहोर।
- विपिन चौहान (22) निवासी आवास कॉलोनी, रेहटी, सीहोर।




- भूपेन्द्र ठाकुर (33) निवासी ग्राम रेहटी, जिला सीहोर।
- अभिषेक चौहान (22) निवासी रेहटी, सीहोर।

---

## 41 करोड़ रु. जमा न करने वाले पक्षकार पर 5 लाख की कॉस्ट

भोपाल/जबलपुर। बैरागढ़ स्थित सड़क विकास निगम की 6232 वर्ग मीटर बेशकीमती जमीन की नीलामी को लेकर 41 करोड़ से अधिक की राशि जमा न करने वाले बोलीदार पर हाईकोर्ट ने 5 लाख की कॉस्ट लगाई है। इस जमीन पर आरटीओ का पुराना दफ्तर व परिसर था।

चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता बोलीदार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का समय बर्बाद किया है, इसलिए वो कॉस्ट की रकम चार सप्ताह में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में जमा करे। रकम जमा न करने पर रजिस्ट्रार जनरल रकम की वसूली करें।

---

# सोने की चेन चोरी करने वाली दिल्ली की महिला गैंग अरेस्ट

## सोने की चेन सहित कार जब्त की गई

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

कोहेफिजा पुलिस ने जैन समाज के चल समारोह के दौरान सोने की चेन चोरी करने वाली महिला गैंग की चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गैंग से 1.25 लाख की लूटी गई सोने की चेन, मारुति कार जब्त की है।

कोहेफिजा टीआई बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि प्रेमलता यादव निवासी कोहेफिजा से 8 जनवरी की शाम भूत बंगले के पास कुछ महिलाओं ने मारपीट करते हुए सोने की चेन लूट ली थी। जांच के बाद पुलिस ने अंजली सिंह, नगमा नायडु, ज्योति गोला और मधु नायडु को गिरफ्तार किया है। सभी महिलाएं नई दिल्ली



पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गईं महिलाएं।

दिल्ली की रहने वाली हैं। महिला गिरोह की इन सदस्यों ने इस वारदात के अलावा एक जनवरी को शहर में जैन समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह में लालघाटी में सोने की 9 चेन चोरी की थीं।

**REQUIRED**
**GRP Technician – 20 Positions**
We are hiring GRP Technicians for Dubai and Saudi branches.
Candidate with 2 to 5 years GRP lamination of underground Tanks / Manhole experience can apply.
**Work Location**
**UAE / Saudi Arabia**
Benefits – Salary up to 1200 +300 AED with (Visa+Accommodation+Transportation will be provided by the company)
Interview Location
Lucknow / Patna / Bhopal
Interested candidate can call on +91 9390109429 or WhatsApp your CV on the same number.
**Trainee Supervisors**
Gulf Countries Operations - Hiring Freshers
We are looking to hire freshers to train for various operations in construction field.
Once trained candidates will be hired for our various branches in Gulf Countries (UAE, Saudi, Oman, Qatar)
Qualification – B.Sc Mathematic freshers (graduates or under graduates),
Civil / Mechanical Diploma holders only
3 months training will be provided at our facilities in India.
**Work Location**
**Dubai, Saudi Arabia, Oman & Qatar**
Salary during training/ After training
Stipend will be provided during training / 1500 AED + (Visa + Accommodation + Transportation will be provided by the company)
Accommodation during training will be provided by the company on chargeable basis
Contract Duration – 2 Years
Interested candidates can send CVs on WhatsApp or call me on 9390109429

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

**ओमकारा एसेट्स रिकन्स्ट्रक्शन प्रा.लि.**

CIN: U67100TZ2014PTC020363
Email: rajesh.jumani@omkaraarc.com/zuber.khan@omkaraarc.com/pratik.rasal@omkaraarc.com
Tel.: 022-69231111 +91 86579 69231/+91 86556 68565.

[परिशिष्ट - IV-A] [नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) का परंतुक देखें]
अचल संपत्ति की ई-नीलामी बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना
वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका कब्जा ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (OARPL) के प्राधिकृत अधिकारी के पास है। (ओमकारा PS 06/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए)इसके अलावा, OARPL ने इंडसइंड बैंक लिमिटेड (असाइनर बैंक) से दिनांक 25.06.2021 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से नीचे दिए गए संपूर्ण बकाया ऋणों को असाइनर बैंक से अंतर्निहित सुरक्षा के साथ प्राप्त कर लिया है। तदनुसार, OARPL ने बकाया राशि वसूलने और सुरक्षा को लागू करने के लिए असाइनर बैंक और ईएम की जगह ली है। OARPL के प्राधिकृत अधिकारी ने उधारकर्ता/बंधककर्ता/सह-उधारकर्ता से नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया। एतद्वारा प्राधिकृत अधिकारी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को बेचने का इरादा रखता है और इसलिए सुरक्षित संपत्तियों की खरीद के लिए निविदाएं/बोलियां सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। संपत्ति को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) और (4) के प्रावधानों के तहत अधिकारों और शक्तियों के आधार पर बेचा जाएगा: "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" संबंधित ऋणी और सह-ऋणी(ओं) से सुरक्षित ऋणदाता के रूप में OARPL को देय राशि की वसूली के लिए संबंधित कॉलम में दिखाया गया है। ऋणी(ओं)/गारंटर/बंधक, प्रतिभूतियाँ, मालिक, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए नोटिस की तिथि, कब्जे की तिथि, आरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि राशि, बयाना राशि जमा (EMD), निरीक्षण की तिथि और समय का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| स. क्र. | ऋणकर्ता (ओं)/ जमानतदार/मार्टगेजर | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | संपत्ति का मालिक | 16.12.2024 तक बकाया राशि (रु. में) | मांग पत्र दिनांक | कब्जा दिनांक | आरक्षित मूल्य (रु. में) | बिड वृद्धि राशि (रु. में) | ईएमडी (रु. में) | निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स अभिषेक ट्रेडर्स (उधारकर्ता), श्री आदित्य कुमार गुप्ता (सह-उधारकर्ता), श्री आनंद कुमार गुप्ता (सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता) और श्रीमती वंदना गुप्ता (सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता) (LAN: IBB00001N, IBB00017N) | वह समस्त संपत्ति अर्थात "चेतक कॉम्प्लेक्स" में गैराज क्रमांक 03, 04 और 05 के ऊपर तीसरी मंजिल पर एक आवासीय हॉल, जिसका क्षेत्रफल 1352.42 वर्ग फीट है, जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन बिल्डिंग, जोन - II, महाराणा प्रताप नगर (एमपी नगर), वार्ड क्रमांक 44, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है, जो निम्नानुसार घिरा है :- दाईं ओर - सड़क, बाईं ओर: - आईओसी बिल्डिंग, सामने की ओर :- सड़क, पीछे की ओर :- सड़क | श्री आनंद कुमार गुप्ता और श्रीमती वंदना गुप्ता | रु. 93,37,444.31 (रुपये तिरानबे लाख सैंतीस हजार चार सौ चौवालीस और पैसे इकतीस मात्र) | 28.02.2022 | 27.06.2024 | रु.95,00,000/- (केवल पंचानबे लाख रुपये) (चूंकि संपत्ति लीजहोल्ड है, इसलिए लागू जी.एस.टी. भी शामिल है) | रु. 50,000/- (पचास हजार रुपये मात्र) | रु. 9,50,000 (नौ लाख पचास हजार रुपये मात्र) | 28.01.2025 दोपहर 11.00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |

खाता संख्या: 344905001084, लाभार्थी का नाम: ओमकारा पीएस 06/2021-22 ट्रस्ट, बैंक का नाम: आईसीआईसीआई बैंक, शाखा: बांद्रा (ई) मुंबई, आईएफएससी कोड: ICIC0003449

भागीदारी का बोली पत्र / केवाईसी दस्तावेज / ईएमडी का प्रमाण जमा करने की अंतिम तिथि और समय: - 18.02.2025 शाम 6:00 बजे तक | ई-नीलामी की तिथि एवं समय:- 20.02.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

नीलामी के नियम और शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता (ओएआरपीएल)http://omkaraarc.com/auction.php या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी https://www.bankeauction.com.पर दिए गए लिंक को देखें।

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) के तहत बिक्री के लिए वैधानिक सूचना

यह नोटिस सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) के तहत उपरोक्त ऋण खाते के उधारकर्ता को कम से कम 30 (तीस) दिनों का एक अनिवार्य नोटिस है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत उन्हें उपरोक्त निर्दिष्ट तिथि और समय पर ई-नीलामी के माध्यम से नीलामी/बिक्री आयोजित करने के बारे में सूचित किया गया है। भुगतान में चूक के मामले में, संपत्ति प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के विवेक पर सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के

दिनांक : 11.01.2025
स्थान : भोपाल

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओमकारा पीएस 06/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए)